Topic 1 :– जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (GSTAT) प्रमुख

चर्चा में क्यों :– हाल ही में संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

संजय कुमार मिश्रा उत्तराखंड हाई कोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश और झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे है जिन्हें केंद्र सरकार के द्वारा GSTAT के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है

Result

GSTAT :–

यह एक अपीलीय अधिकरण है जो केंद्रीय GST (CGST) अधिनियम, 2017 के तहत स्थापित किया गया है।
इस अधिकरण की स्थापना का मुख्य उद्देश्य CGST अधिनियम, 2017 और राज्य जीएसटी अधिनियम के तहत स्थापित अपीलीय प्राधिकरण के द्वारा दिए आदेशों के खिलाफ अपील पर सुनवाई करना है।

GSTAT की एक प्रधान पीठ है जो नई दिल्ली में स्थित है जबकि राज्यों में अलग-अलग पीठें हैं।

GSTAT का अध्यक्ष मुख्य पीठ की अध्यक्षता करेगा तथा अध्यक्ष के साथ प्रधान पीठ में दो तकनीकी सदस्य (केंद्र और राज्यों से एक-एक) भी मौजूद होंगे।

Topic 2 :– कूठंडावर महोत्सव

चर्चा में क्यों:- इस महोत्सव का संबंध तमिलनाडु के कूवगम नामक स्थान से है

कूठंडावर महोत्सव के अंतर्गत एक ही दिन विवाह और विधवापन की कहानी को प्रस्तुत किया जाता है।

कूठंडावर उत्सव से संबंधित तथ्य:-

- यह परंपरा से ओत-प्रोत वार्षिक कार्यक्रम है
- यह उत्सव 18 दिवसीय होता है
- यह उत्सव मध्य अप्रैल से मध्य मई (तमिल महीने चिथिराई) में मनाया जाता है।
- इस महोत्सव की विशेषता ट्रांसजेंडर पहचान के लिए अपने अनूठे उत्सव के लिए वैश्विक ध्यान को आकर्षित करना है।

इस उत्सव का इतिहासः

इस उत्सव का संबंध विवाह और विधवापन दोनों से है

किमबदंतियों के अनुसार महाभारत के तमिल संस्करण जानकारी मिलती है कि महाभारत के युद्ध में अरावन नामक एक पात्र हुआ जिसने युद्ध में पांडवों की जीत के लिए अपने प्राणों को बलिदान के के लिए प्रस्तुत किया।

किंतु अरावन को मृत्यु से पहले विवाह का वरदान प्राप्त था परंतु जब उनके विवाह की बात आई तो कोई भी महिला अरावन से विवाह नहीं करना चाहती थी क्योंकि उनकी मृत्यु निश्चित थी और इनसे विवाह करने का अर्थ था विवाह के बाद तुरंत विधवा हो जाना।

फिर अंतिम विकल्प के रूप में भगवान कृष्ण ने स्वयं मोहिनी का रूप धारण किया और अरावन से विवाह संपन्न किया और इसी मोहिनी के रूप में भगवान कृष्ण ने अरावन की विधवा के रूप में भी शोक मनाया था।

रिवाजः

Result Mitra

- इस पूरे त्यौहार का मुख्य केंद्र भगवान अरावन का विवाह और उनका बलिदानों है ।
- 17 दिन तक चलने वाले इस समारोह में उनके विवाह तथा विधवा होने की पद्धति को दिखाया जाता है।
- समारोह के अंतिम दिन दूर-दूर से किन्नर भगवान अरावन से विवाह करने हेतु एकत्रित होते है
- विवाह संपन्न होने के अगले दिन युद्ध का आयोजन किया जाता है जिसमें अरावन की मृत्यु को दिखाया जाता है।
- जिन किन्नर महिलाओं ने इसे विवाह किया होता है वह उनकी मृत्यु पर शोक भी व्यक्त करती है विधवा होने की सारी रस्मो को निभाती है

Topic 3 :– चांग'ई-6 (Chang'e-6)

चर्चा में क्यों :– हाल ही में चीन तथा पाकिस्तान ने चंद्रमा पर अपना एक संयुक्त मिशन भेजा
चीन के द्वारा हाल ही में पाकिस्तान की मदद से चांग 'ई-6 नामक लूनर प्रोब को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
चांग'ई-6 का प्रक्षेपण करने के लिए लॉन्ग मार्च-5 Y8 नामक रॉकेट का प्रयोग किया गया जिसको दक्षिणी द्वीप प्रांत हैनान के तट पर वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से लॉन्च किया गया।



Mitra

चांग ई-6 के बारे में:

- इसका अनुमानित वजन 8 मीट्रिक टन से अधिक है।
- इस मिशन का उद्देश्य चंद्रमा के सुदूर हिस्से (फार साइड) से 2 किलोग्राम तक के नमूनों को वापस धरती पर लाना है।
- अगर चीन इस कार्य को करने में सफल हो जाता है तो यह पहला मानवीय कीर्तिमान होगा।
- चीन ने इससे पहले 2020 में चांग 'ई-5 मिशन के द्वारा पृथ्वी की तरह वाले चंद्रमा के हिस्से से नमूने एकत्रित करने में सफलता हासिल की थी।

- चांग'ई-6 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव (ऐटकेन बेसिन) में लैंडिंग करने की उम्मीद है और यह सॉफ्ट लैंडिंग होगी।

इस मिशन में पाकिस्तान का योगदान :-

इस मिशन में पाकिस्तान द्वारा विकसित किया गया क्यूबसैट "ICUBE-Q ऑर्बिटर" लगाया गया है।

Result Mitra